सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 352 | इंदौर, गुरुवार 04 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- Rajasthan Politics: मंत्री पद से किरोड़ीलाल मीणा ने दिया इस्तीफा, लोकसभा परिणाम के बाद निभाया अपना वचन
- Air Pollution: वायु प्रदूषण के चलते देश के दस शहरों में हर साल 33 हजार मौतें, दिल्ली में हालात बेहद खराब
- SCO Summit: अस्ताना में चीनी समकक्ष वांग यी से मिले जयशंकर; सीमा विवाद सुलझाने के प्रयास बढ़ाने पर जताई सहमति
- Monsoon Update: दिल्ली-पंजाब समेत 26 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी, अगले तीन दिनों तक जमकर बरसेंगे बादल
- हाईकोर्ट की टिप्पणी: स्तनपान करने वाले बच्चे के लिए मां का प्यार मौलिक अधिकार, नहीं कर सकते वंचित
- Rajasthan: महिला को कुल्हाड़ी से काटा, दो बच्चियों को टांके में डुबोकर मारा; ट्रिपल मर्डर से कांपा जोधपुर

## एमपी-यूपी की सिक्योरिटी में

# चंबल पुल

## भिंड की ओर से लगे निजी सुरक्षा गार्ड इटावा ने तैनात किए पुलिस जवान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला चंबल नदी का एक मात्र पुल इन दिनों कड़ी सुरक्षा में है। मध्य प्रदेश की ओर से पीएनसी कंपनी ने निजी सुरक्षा गार्ड चंबल पुल के दोनों सिरों पर तैनात किए हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश की इटावा जिले की पुलिस ने दो शस्त्र धारक जवानों को तैनात किया है। इस पुल की सुरक्षा एमपी और यूपी की स्टेट द्वारा कराई जा रही है।**

जी हां, यह मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का एकमात्र ऐसा पुल है जिसकी सुरक्षा में निजी कंपनी व सरकारी गार्ड तैनात किए गए हैं। दोनों स्टेटस इस पुल की सुरक्षा कर रही है।

दरअसल, मामला यह है कि चंबल पुल करीब 70 साल पुराना है। इस पुल पर ट्रैफिक का लगातार दबाव बना हुआ है। सबसे ज्यादा इस पुल को असुरक्षित करने वाले ओवर लोडेड वाहन है। मध्य प्रदेश की सीमा से यूपी की ओर हर रोज सैकड़ों की तादाद में काली गिट्टी और रेत से भरे ओवरलोड ट्रक निकलते थे। इस कारण से बार-बार इस पुल के बैरिंग टूट रहे थे।

पुल स्लैब मूव होना बंद हो जाते थे। और उनमें दरार आ रही थी। इस पुल के क्रेक बार बार ठीक कराए जाते थे। फिर भी बार बार क्रेक आ रहा था यह सिलसिला पीछे तीन साल से चल रहा था। इस वजह से 8 जून 2023 से 28 जून 2024 तक पुल पर से हैवी वाहनों को निकालना प्रतिबंधित किया गया था।

### ओवरलोडिंग वाहनों से पुल असुरक्षित

ओवरलोडिंग वाहनों से पुल की सुरक्षा पर हमेशा सवाल खड़े होते आ रहे थे। इस कारण से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के इटावा और भिंड जिला के प्रशासनिक अफसर पुल को चालू कराए जाने को लेकर सहमत नहीं हो पा रहे थे। पुल लगातार बंद रहने के कारण एमपी और यूपी के भिंड व इटावा जिले का राजस्व लगातार गिर रहा था। पिछले दिनों भिंड और इटावा जिला के प्रशासनिक अफसर ने चंबल पुल को चालू कराए जाने को लेकर आपसी सहमति बनाई और पुल पर से ओवरलोडेड वाहन निकला जाना प्रतिबंधित किया।



### 55 टन से अधिक भार वाला वाहन प्रतिबंधित

एमपी के भिंड और यूपी के इटावा जिले के प्रशासनिक अफसर ने पुल पर से अधिकतम भाग 55 टन निकाले जाने की शर्त के साथ पुल चालू कराए जाने का निर्णय लिया। अतः गिट्टी और रेत से भरे हुए वाहन उत्तर प्रदेश जाने के लिए भिंड जिला की सीमा से होकर जाते है। इसलिए बरही टोल प्लाजा को यह दायित्व सौंपा गया की कोई भी वाहन 55 टन से अधिक वजनी पुल से निकलने नहीं चाहिए। टोल प्लाजा प्रबंधन को यह दायित्व दिया गया कि टोल पर लगी तकनीकी मशीनों से हर माइनिंग वाहन की क्षमता नापी जाए। इसके बाद ही वाहन को निकाला जाए। प्रशासनिक आदेश का पालन करते हुए पीएसी इंफ्राटेक कंपनी लगातार एमपी से यूपी की ओर जाने वाले वाहनों की वज पर निगरानी कर रही है। वहीं, कंपनी ने चंबल के बरही और यूपी के उदी यानी पुल के दोनों सिरों पर सुरक्षा कर्मी तैनात भी किए हैं। इसी तरह चंबल पुल के उत्तर प्रदेश सीमा पर इटावा पुल के पुलिस जवान 24 घंटे तैनात हैं।

### कोई भी वाहन ओवरलोड नहीं निकल पाए

मीडिया ने मौके पर जाकर जायजा लिया और पुल पर से निकलने वाले वाहनों की जानकारी ली। यहां तैनात सुरक्षाकर्मियों से बातचीत की तो उन्होंने बताया है कि पुल पर विशेष कर जाम ना लगे दिया जाए इसको पूरा ख्याल रखा जा रहा है। वहीं, यद्यपि कोई वाहन ओवरलोड एमपी से यूपी की ओर जजाता है तो उसको रोक कर उसकी जांच कराई जाती है। इसके बाद ही 55 टन निर्धारित क्षमता का ही वाहन निकलने की स्वीकृति दी गई है।

### प्रत्येक वाहन के वजन को सेंसर से नापा जाता है

पीएनसी इंफ्राटेक टोल प्लाजा के प्रबंधक यशपाल सिंह भदौरिया का कहना है कि पुल पुराना है। पुल पर 55 टन निर्धारित क्षमता है। इससे अधिक वजनी वाहन होने पर उसका ओवर लोडेड खाली कराए जाने के निर्देश प्राप्त है। प्रत्येक वाहन का वजन टोल प्लाजा के सेंसर से नापा जाता है। जरूरत के मुताबिक टोल प्लाजा पर स्थित धर्म कांटे पर वाहन का वजन तौला जाता है। इस तरह के कंपनी को जिला प्रशासन की ओर से निर्देश प्राप्त हुए है। कंपनी ने अपने दो जवानों को पुल के दोनों सिरों पर तैनात किए है। यह जवान 24 घंटे पुल की सुरक्षा में तैनात रह रहे हैं।

# इंदौर से 9 शहरों के लिए चलेगी इलेक्ट्रिक बस

## एआईसीटीएसएल ने रूट किए फाइनल, 9 रूटों पर 26 बसें रोजाना करेंगी सफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्वच्छता के बाद शहर की आबोहवा को ठीक बनाए रखने के लिए एआईसीटीएसएल शहर में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन कर रहा है। बीआरटीएस में चलने वाली इलेक्ट्रिक बसों के बाद अब एआईसीटीएसएल इंदौर से अन्य शहरों के बीच भी इलेक्ट्रिक बस का संचालन शुरू करने जा रहा है। शुरूआत में 9 शहरों के बीच इलेक्ट्रिक बस का संचालन होगा। यह बसें केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत संचालित की जाएगी।

एआईसीटीएसएल पीआरओ माला ठाकुर ने बताया कि इंदौर के आसपास के वह शहर जिनकी दूरी इंदौर से 54 किमी से लेकर 200 किमी तक है। उन शहरों तक इंदौर से इलेक्ट्रिक बस का संचालन करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर जारी हो गए हैं। इंदौर से अलग-अलग 9 रूट पर 26 बसों का संचालन किया जाएगा। हालांकि इन बसों का किराया अभी तय नहीं है।




निविदा आने के बाद किराया तय किया जाएगा। वहीं आरटीओ द्वारा किराए के लिए जो मानक तय किए गए हैं, उनके आधार पर ही इन बसों का किराया रखा जाएगा।

### डीजल बसों को करेंगी रिप्लेस

एआईसीटीएसल अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गीता भवन स्थित एआईसीटीएसएल के कैंपस से ही इन बसों को संचालित किया जाएगा। प्रबंधन द्वारा तय रूट पर वर्तमान में डीजल बसों को संचालन किया जा रहा है। इन 9 रूट पर जो डीजल बसें चल रही हैं, उनमें से कुछ बसों को इलेक्ट्रिक बसों से रिप्लेस किया जाएगा।

### इलेक्ट्रिक बसों का संचालन कब से होगा यह तय नहीं

हालांकि ये बसें सड़क पर कब उतरेंगी यह अभी तय नहीं है। एआईसीटीएसएल सूत्रों का कहना है कि बसों के संचालन के लिए टेंडर काफी पहले जारी हुए थे। लेकिन किसी भी बस संचालक ने इसमें रूचि नहीं दिखाई। जिसके बाद इसके टेंडर को दो बार रि-टेंडर किया गया। लेकिन उसके बाद भी इस प्रोजेक्ट में ज्यादा रूचि दिखाने वाले संचालक अभी तक सामने नहीं आए हैं। हालांकि एआईसीटीएसएल प्रबंधन का मानना है कि जल्द ही टेंडर प्रकिया पूरी हो जाएगी और बसें दौड़ना शुरू हो जाएगी।

# डॉक्टर्स ने मेलोडियस नगमों से बांध दिया समां




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गुरु विद्या संस्था डॉक्टर्स डे पर संगीतमय कार्यक्रम दिल तो है दिल का आयोजन प्रीतमलाल दुआ सभागृह में किया गया। इस गरिमापूर्ण संगीतमय महफिल को शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स ने मिलजुल कर किया। मरीजों की सेवा में लगे रहते है उन डॉक्टर्स ने मेलोडियस नगमों की बौछार कर दी,शौकिया गाने वाले डॉक्टर्स ने महफिल को मेलोडियस नगमों से बांध दिया।

18 हजार पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर भरत बाजपेई ने डा. भावना के साथ जीत ही लेंगे बाजी हम तुम, तेरे चेहरे से, तुम मिले प्यार से, की मेलोडियस प्रस्तुति दी,, जिला अस्पताल के आंखो के डॉक्टर टी एस होरा ने में इक राजा हूं, तेरे नाम का दिवाना, तुमने मुझे देखा.. एकल गीत अच्छे से निभाया। 10 डॉक्टर्स सिंगर्स की टीम ने डॉक्टर्स डे पर मेलोडियस महफिल दी शहर को, साजिंदो ने भी कसा हुआ संगीत दिया, नगमों का हुबहू संगीत बजाया, सधे हुए संगीत से गायकों के नगमे मधुर बन पड़े, संगीत संयोजन इंटरनेशनल रिदम बैंड का था, संगतकार राजेश मिश्रा, दीपेश जैन, जयेंद्र रावल, अनूप कुलपारे ने मेलोडियस संगीत दे कर 30 नगमों को अमर कर दिया। मधुर मंच संचालन अन्नू शर्मा ने किया, संयोजक डा. अर्चना श्रीवास्तव और लायन ओ पी श्रीवास्तव ने कलाकारों को पौधे देकर सम्मानित किया। शहर के डॉक्टर्स डॉ.कैलाश एन गहलोत, डॉ. भरत बाजपेई, डॉ. निक्षय जोशी, डॉ. टी एस होरा, डॉ. श्याम वीर यादव, डॉ. संजय शिंदे, डॉ. मिलिंद रोकड़े, डॉ. सुनील गहलोत, डॉ. कीर्ति चतुर्वेदी, डॉ. शुचिता खंडेलवाल, डॉ. भावना प्रधान ने मेलोडियस नगमों की प्रस्तुति दी।

# महापौर की अपील : कपड़े के झोले का करें इस्तेमाल

## दुकानदारों और लोगों को दिलाई शपथ




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे के अवसर पर बुधवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने झोन क्रमांक 14-15 के वार्ड 83-84 में फूटीकोठी चौराहे पर स्थित सब्जी मंडी में एक विशेष कार्यक्रम के तहत नागरिकों और दुकानदारों को प्लास्टिक के बेग के स्थान पर कपड़े के झोले का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महापौर ने दुकानदार, ठेले व नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक व प्लास्टिक के बैग का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। महापौर परिषद सदस्य अश्विनी शुक्ल, राकेश जैन, पार्षद शानु शर्मा, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अखिलेश उपाध्याय, सीएसआई विवेक गंगराडे, हर्षित लोधी, अवध नारायण व अन्य उपस्थित थे।

इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सब्जी मंडी में उपस्थित ग्राहकों और ठेलेवालों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया और उन्हें कपड़े के झोले का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उपस्थित लोगों को प्लास्टिक मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। महापौर ने दुकानदारों, ग्राहकों को कपड़े के बैग भी वितरित किए, ताकि वे भविष्य में प्लास्टिक बैग का उपयोग न करें और पर्यावरण को सुरक्षित रखें। महापौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे के अवसर पर दुकानदार व नागरिकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना, लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझाना हमारा उद्देश्य है, साथ ही जिन दुकानदारों द्वारा कपड़े की थैले का उपयोग किया जा रहा था, ऐसे दुकानदारों का उत्साहवर्धन भी किया।

# प्रदेश के विकास और सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है बजट-ऊर्जा मंत्री तोमर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा आज विधानसभा में वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत किया गया। बजट प्रदेश के विकास और सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में बनाये गये इस बजट में युवाओं, किसानों और गरीबों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। ऊर्जा विभाग के लिए इस वर्ष 19 हजार 406 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में एक हजार 46 करोड़ रुपए अधिक है। इससे बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी।

श्री तोमर ने बताया कि अटल गृह ज्योति योजना के लिए 3500 करोड़ रुपए और अटल कृषि ज्योति योजना के लिए 6290 करोड़ रुपए की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। आर.डी.एस.एस. योजना के लिए 3150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। ट्रांसमिशन एवं वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए 565 करोड़ रुपए एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 5 एच.पी. पंपों तथा एक बत्ती कनेक्शन को निःशुल्क बिजली देने के लिए 2475 करोड़ रुपए की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

# योग से निरोग, स्वास्थ्य योग शिविर सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एनीबेसेंट स्कूल प्रांगण में श्री हरिओम योग केन्द्र चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालितः हरिओम योग केन्द्र, प्रिकांको कॉलोनी अन्नपूर्णा रोड़, इन्दौर द्वारा निःशुल्क वषार्कालीन योग से निरोग शिविर - 2024 का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बुधवार, दिनांक 3 जूलाई को प्रातः 6.00 से 7.00 तक आरोग्य भारती स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए, योग को समर्पित योगरत्न, प्राकृतिक चिकित्सा एवं ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. अजय जोशी ने नाभि से स्वास्थ्य और श्वसन की सरल विधियों द्वारा योगाभ्यास करवाया। इसके साथ ही शिविर में स्वस्थ जीवन के सरल सूत्र के रूप मे साधकों को परामर्श भी दिया गया।

# वीना साहनी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पंजाबी महिला विकास समिति ने पंजाबी दिवस (25 जून) के उपलक्ष्य में सेलिब्रेशन किया। इस दौरान पंजाबी डांस हुआ। तंबोला खिलाया गया और सभी मेंबर्स को पौधे वितरित किए गए। ग्रुप की संस्थापक वीना साहनी को प्रेसीडेंट सोनाली अरोरा ने लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान से सम्मानित किया। चेयरपर्सन रुचि कपूर और अनु सोनी ने कई मनोरंजक गेम्स खिलाए और विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। सुनीता तनेजा, स्वीटी टुटेजा उपस्थित थे । वहाँ रेखा अग्रवाल ने 420 अग्रवाल नमकीन और बेकरी द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए।

# श्री विजयवर्गीय तथा श्री सिलावट ने बीमार बच्चों के स्वास्थ्य की ली जानकारी

## बेहतर से बेहतर इलाज करने के दिये निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय तथा जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट गत रात्रि युगपुरूष धाम आश्रम और चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश दिये।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बच्चों के इलाज में कोई भी कसर नहीं रखी जायेगी। पूर्ण स्वस्थ होने तक उनकी पूरी निगरानी और देख-रेख होगी। मंत्री द्वय के भ्रमण के दौरान महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. संजय दीक्षित सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।





कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि बीमार बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है। बच्चों के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। युगपुरूष धाम के ऐसे बच्चें जिन्हें बीमारी के कुछ लक्षण दिखाई दे रहे है उन्हें ऐहतियात के रूप में अस्पताल में तुरंत भर्ती कराया जा रहा है। स्थिति पर लगातार नज़र रखी जा रही है। जिले के अन्य आश्रमों और हॉस्टल पर भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गए है। व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता के लिए आश्रम और हॉस्टलों में अधिकारियों को भेजा गया है। ए.डी.एम. श्री गौरव बेनल की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने जाँच आरंभ कर दी है।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट आज सुबह पुनः युगपुरूष धाम आश्रम और चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय पहुंचे और बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंत्री श्री सिलावट ने आज सुबह युगपुरूष धाम आश्रम के निरीक्षण के बाद बताया कि आश्रम में बच्चों के भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य के संबंध में सर्वोच्च सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं। बच्चों के इलाज के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं की जानी चाहिए। बच्चों को अगले दस दिनों तक बाहर से शुद्ध गुणवत्तापूर्ण खाना उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जा रही है।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि युगपुरुष धाम आश्रम में रह रहें बच्चे विशेष आवश्यकता वाले बच्चे हैं, उनकी सेवा और परवरिश में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

# मल्हार आश्रम की हरियाली पर भी मंडरा रहा खतरा

◆ पेड़ कटाई रोके बिना पौधा रोपण अभियान का क्या औचित्य, पर्यावरण प्रेमियों ने जताई चिंता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंदौर पौधा रोपण का विश्व रिकार्ड बनाने की तैयारी में है। इस अभियान की तैयारी जोर शोर से जारी है वही दुसरी तस्वीर ना केवल भयाक्रांत करने वाली है बल्कि इंदौर के लिए बड़ा खतरा भी बनने जा रही है।**

विकास के नाम पर उन बड़े और छायादार पेड़ों की बली लगातार ली जा रही है जिन्हें सहेजने की सबसे ज्यादा जरूरत है। ताजा मामला शहर के मध्य पुराने शेक्षणिक संस्थान मल्हार आश्रम का सामने आया है। हरियाली से आक्षांदित इस परिसर में भी पुराने घने पेड़ काटे जा रहे है। इसकों लेकर पर्यावरण प्रेमियों ने खासी चिंता जताई और पेड़ों को बचाने की मुहिम भी शुरू की है। पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि पेड़ कटाई रोके बिना पौधा रोपण अभियान का औचित्य क्या रह जाएंगा। क्योकि एक पौधे को पेड़ बनने में दस से पंद्रह वर्ष लग जाते है।



### शहर के मध्य क्षेत्र का ऑक्सीजन प्लांट

पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले सचीकांत बिरथरिया ने चिंता जताते हुए कहा कि हमारे शहर की हरियाली भौतिक विकास के नाम पर उजाड़ी जा रही है। मल्हार आश्रम विद्यालय शहर के मध्य क्षेत्र का ऑक्सीजन प्लांट है जिसका लाभ सिर्फ आसपास के रिहायशी इलाकों को ही नहीं बल्कि हजारों उन लोगों को भी मिल रहा है जो सुबह शाम नियमित यहां घुमने अथवा व्यायाम करने आते है। पुराने छायादार बड़े पेड़ों को काटा जा रहा है यह शहर के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है।

### पंद्रह साल बाद पेड़ बनेगा पौधा

पर्यावरणविद स्वप्निल व्यास, अरविंद पोरवाल ने भी पेड़ों की कटाई पर चिंता जाहिर की। इनका कहना है कि आज लगाया गया पौधा दस से पंद्रह साल में पेड़ बनेगा ऐसे में हमे लगातार खत्म होती हरियाली को बचाने के प्रयास सख्ती के साथ करने होंगे। व्यास ने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि हाल ही में नगर निग ने अन्नपूर्णा क्षेत्र में प्रस्तावित मार्ग में बाधक बन रही बस्ती को हटाया है। इस मार्ग पर भी खूब पेड़ लगे है, मार्ग निर्माण के नाम पर इन्हें भी काट ना दिया जाए।

## मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

**इंदौर**। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 19 जुलाई को होगा। अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण का कार्य हो गया है। मतदान केन्द्रों का युक्ति-युक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा।

# देअविवि शिक्षक संघ अध्यक्ष चैनसिंह यादव का अभिनंदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। यादव समाज कोर कमेटी की आवश्यक बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, तत्पश्चात यादव समाज कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य श्री चैनसिंह यादव का देवी अहिल्या कर्मचारी (गैर शिक्षक) संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर पुष्पमालाओं से और अंगवस्त्र पहना के भव्य स्वागत सम्मान किया गया। यादव समाज कोर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन यादव ने बताया कि प्रमुख रूप से कोर कमेटी के मार्गदर्शक डॉ. आर.डी. यादव, अशोक यादव (आईजी), इंजी.पुरुषोत्तम यादव, डॉ.रमन यादव सहित लखन यादव(फोर्स एकेडमी), पत्रकार राजेश यादव,डॉ.अशोक यादव,अमरसिंह यादव,वीरसिन्ह यादव,शिवमूरत यादव(टीआई), रामरतन यादव,दिनेश यादव, मुकेश यादव,संतोष यादव, डॉ.राजेश यादव,नितिन यादव, केदार यादव आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इस दौरान सामाजिक सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए विचार विमर्श किया गया। संचालन राजेश यादव ने किया एवं आभार लखन यादव ने माना।

# औषधीय पौधों का रोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संजीवनी वाटिका, साईंकृपा कॉलोनी में औषधीय पौधो का रोपण घर की गृह लक्ष्मी के द्वारा एक पौधा मां का के अंतर्गत किया गया। इसमें करीब 50 पौधों का रोपण हुआ जिसमें रुद्राक्ष, चंदन, कपूर, स्वर्णचंपा, हरसिंगार, वर्जदंती, खिरनी, शमी, कदम, लौंग, इलाइची, दालचीनी, अनार, शहतूत आदि हैं। पौधारोपण साईं कृपा कॉलोनी के करीब 150 रहवासियों ने सामूहिक रूप से किया। वर्ष 2017 से अभी तक 110 औषधीय पौधों का रोपण कर उनके लालनपालन की जवाबदारी रहवासी दीपेश गुप्ता, प्रदीप वर्मा, अमिताभ बर्बे, अमिताभ मालविया, स्वप्निल गर्ग, पंकज व विवेक नाइक द्वारा निर्वाहन की जा रही हैं।

# मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 19 जुलाई को होगा। अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण का कार्य हो गया है। मतदान केन्द्रों का युक्ति-युक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए हैं।

# संभाग के सभी जिलों में संचालित होस्टल/आश्रम/छात्रावास/वृद्धाश्रम आदि संस्थाओं में होगी जाँच

## संभागायुक्त दीपक सिंह द्वारा जारी किये निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संभागायुक्त दीपक सिंह ने संभाग के सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिये है कि जिले में संचालित समस्त शासकीय और अशासकीय हॉस्टल्स/छात्रावास/आश्रम/वृद्धाश्रम की सूची बनाकर एक समिति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व की अध्यक्षता में गठित की जाये। जिसमें कार्यपालिक दण्डाधिकारी/स्वास्थ्य विभाग/नगरीय निकाय विभाग/खाद्य विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारीगण सम्मिलित रहें। संभागायुक्त दीपक सिंह द्वारा निर्देश दिये है कि स्थल पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं उसकी जाँच की रिपोर्ट एवं जल स्त्रोत स्थल की जांच करें। संस्थाओं में दिये जाने वाले भोजन के कच्ची सामग्री के संग्रहण की एवं भोजन निर्माण पश्चात उसकी गुणवत्ता की जाँच करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संस्था में निवासरतों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकता होने पर उपचार प्रदान किया सुनिश्चित करें। नगरीय निकाय द्वारा सभी संस्था और निवासरत स्थल के आसपास के वातावरण की साफ सफाई एवं आवश्यक कीटनाशकों का छिड़काव तथा बीमारी की रोकथाम के उपाय किये जाये। उक्त सभी कार्यवाहियां तीन दिवस में करना सुनिश्चित करें।

प्रदीप मिश्रा के बाद अब निरंजनी अखाड़े के ब्रह्मर्षि ने श्रीकृष्ण के चरित्र पर उठाए सवाल

# 16000 शादियों पर की टिप्पणी, संतों में नाराजगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** सीहोर के प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा के राधा-रानी पर दिए गए विवादित बयान पर बरसाने पहुंचे और नाक रगड़कर माफी मांगी। इसके बाद भी अभी ये विवाद थमता नजर आ रहा है। इसी के बीच अब एक और विवाद सामने आ गया है। अब निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी ने विवादित बयान दे दिया है। ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी ने भगवान कृष्ण को लेकर ऐसा बयान दे दिया है। जिससे उज्जैन के संत नाराज हो गए हैं और उन्होंने कुमारस्वामी पर चारो कुंभ में बैन लगाने के साथ ही महामंडलेश्वर पद से हटाने की मांग कर रहे हैं।

हम बात कर रहे हैं राजस्थान के प्रसिद्ध महामंडलेश्वर कुमार स्वामी के बारे में। जिन्हें राजस्थान सहित कई राज्यों में लोग गुरुदेव के नाम से जाना जाता है। गुरुदेव ने भगवान कृष्ण के चरित्र पर सवाल उठाए है। उनके इस विवादित बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर कई संत नाराज हो रहे हैं। इस विवादित बयान के चलते उज्जैन के महामंडलेश्वर सुमनान्द महाराज नाराज हो गए हैं। उन्होंने अखाड़ा परिषद से बड़ी मांग कर दी है। भगवान श्रीकृष्ण के लिए विवादित बयान देने वाले कुमारस्वामी 'गुरुदेव' के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए सुमनानंद महाराज ने अखाड़ा परिषद से कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने



परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज से ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी को अखाड़े से बाहर निकालने की मांग की है। इसके साथ ही उन पर चारों कुंभ में प्रवेश करने पर बैन लगाने की मांग की है। बता दें कि इससे पहले भी सुमनानंद महाराज ने कथावाचक प्रदीप मिश्रा के बयान के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में और एसपी के पास शिकायत दर्ज करा चुके हैं। महामंडलेश्वर सुमनानंद ने ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी के बयान को लेकर कहा कि मुझे पीड़ा है कि हमारे सनातन धर्म के लोग ऐसा कर रहे हैं। वे सनातन के खिलाफ बयान दे रहे हैं। पहले प्रदीप मिश्रा ने माफी मांगी तो अब निरंजनी अखाड़े के महांडलेश्वर ब्रह्मर्षि आ गए। वे आज भगवान कृष्ण को चरित्रहीन बता रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अखाड़ा परिषद को खत लिखा है कि इन्हें चारों कुंभ में आना निषेध करना चाहिए। इनकी महामंडलेश्वरी खत्म करनी चाहिए। यदि इसी तरह के महामंडलेश्वर हैं और महामंडलेश्वर होकर इसी तरह की बातें होंगी तो फिर हम लोगों को उस महामंडलेश्वरी से मुक्त हो जाना चाहिए।

### 16000 शादियां कीं, ये कोई चरित्र है

बता दें कि निरंजनी अखाड़े के ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को चरित्र बता दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की 16108 रानियां थीं। ये काम कोई चरित्रवान नहीं कर सकता। एक कर ली, दो कर ली 15 कर ली 16 कर ली बहुत है। कितनी कर ली 16000 शादियां कर ली। 16000 से कोई सौ-सौ बच्चे पैदा कर सकता है क्या? ये काम चरित्रवान करेगा क्या?

## डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का चश्मा तोड़ा, युवक को पीटा

◆ पुलिस के हवाले किया, समाजजनों ने धरना देकर विरोध जताया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** शहर के टावर चौक पर लगी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ बुधवार शाम को एक युवक ने छेड़छाड़ करते हुए आरी से प्रतिमा का चश्मा काट दिया। आसपास के लोगों ने जब युवक को देखा तो उसे बांधकर पीट दिया। सूचना मिलने के बाद अजाक्स संगठन से जुड़े लोगों ने टावर चौक पर धरना देकर विरोध जताया। युवक को पुलिस के हवाले कर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि युवक नशे की हालत में है। वहीं महापौर ने मौके पर पहुंचकर समाजजनों को सीसीटीवी कैमरा लगाने और गार्ड की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

टावर चौक चौराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा है। यहां पर बुधवार को शाम करीब चार बजे एक युवक ने प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करते हुए आरी के पत्ते से प्रतिमा पर लगा चश्मा काट दिया। युवक की हरकत देख आस-पास के दुकानदारों ने युवक को बांधकर पीट दिया। सूचना मिलने के बाद यहां डॉ. अंबेडकर छात्र संगठन और अजाक्स के पदाधिकारी भी पहुंच गए। छात्र संगठन के राम सोलंकी ने बताया कि युवक ने डॉ. अंबेडकर का चश्मा काट दिया है। प्रतिमा के साथ हुई छेड़छाड़ को लेकर समाजजनों में आक्रोश है। युवक को पुलिस के हवाले किया है। हालांकि युवक नशे की हालत में होने के कारण स्वंय का नाम भी नही बता पा रहा है। राम सोलंकी ने थाने पर आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई है। बाद में समाज के लोगों ने टावर चौक पर धरना देकर विरोध दर्ज कराया है।

### कांग्रेस नेता पहुंचे तो समाजजनों ने किया विरोध

डॉ अंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ होने की घटना की जानकारी मिलने के बाद टावर चौक पर कांग्रेस के पदाधिकारी भी पहुंचे थे। कांग्रेसियों ने प्रतिमा को दूध से धोकर शुद्ध किया। इस दौरान समाजजनों ने कांग्रेसियों का विरोध करते हुए नारे लगाए पाखंडवाद नहीं चलेगा, नहीं चलेगा।

# पीएचई की अधिकारी 60 हजार की घूस लेते हुए पकड़ाई

ठेकेदार से रुपए लेकर दराज में रखे, इतने में आ गई लोकायुक्त की टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) की सहायक यंत्री 60 हजार रुपए की घूस लेते हुए पकड़ी गई। बुधवार दोपहर लोकायुक्त ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ा। महिला अधिकारी ने पीएचई विभाग के ठेकेदार से 10 लाख रुपए का बिल पास करने के बदले घूस मांगी थी। ठेकेदार ने दो टंकी और नल जल योजना के काम किए हैं। इसका बिल 2020 से अटका है।**

ठेकेदार अक्षय पाटीदार ने बताया कि 2020 में जल जीवन मिशन योजना के तहत घट्टिया तहसील के गांवों में काम का ठेका लिया था। कोरोना की वजह से काम समय सीमा में पूरा नहीं हो पाया। चार महीने की देरी होने पर पीएचई विभाग ने 10 लाख रुपए



का बिल रोक रखा था।

ठेकेदार का कहना है कि बिल पास कराने के लिए पीएचई विभाग के गऊघाट ऑफिस में चक्कर काटे। यहां पदस्थ सहायक यंत्री निधि मिश्रा ने अधिकारी के नाम पर 50 हजार रुपए और खुद के लिए 10 हजार रुपए की घूस की डिमांड की। इसकी शिकायत 1 जुलाई को लोकायुक्त से की।

आरोप है कि सहायक यंत्री निधि मिश्रा ने रिश्वत की रकम अपनी टेबल की दराज में रख ली थी, इतने में लोकायुक्त टीम ने पहुंचकर उन्हें पकड़ लिया।

**लोकायुक्त ने प्लान बनाकर पकड़ा-** लोकायुक्त एसपी ने पहले शिकायत का सत्यापन कराया। इसके बाद महिला अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए प्लान बनाया। ठेकेदार ने ऑफिस पहुंचकर सहायक यंत्री को 60 हजार रुपए दिए, जिसे उन्होंने टेबल की दराज में रख लिए। इतने में लोकायुक्त डीएसपी राजेश पाठक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

डीएसपी पाठक ने बताया कि आरोपी निधि मिश्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। ठेकेदार अधीक्षण यंत्री का नाम भी ले रहा है, लेकिन रिश्वत की मांग के लिए की गई वॉइस रिकॉर्डिंग की जांच की जाएगी। किसी और का नाम आता है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## पीड़िता बोली-6 साल शारीरिक शोषण किया, यातनाएं दीं

न्याय मांगा तो पुलिस ने मारे थप्पड़; पटवारी फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़।** राजगढ़ में पटवारी प्रेम सिंह भिलाला पर उसी की महिला सहयोगी से दुष्कर्म का आरोप है। पीड़िता का आरोप है, ह्यभिलाला ने मुझे अपना असिस्टेंट बनाया। सरकारी नौकरी का भरोसा दिया। शादी का कहकर संबंध बनाए। पहली पत्नी का देहांत हुआ तो एक साल तक मेरा शारीरिक शोषण किया और फिर किसी और से दूसरी शादी कर ली।

उस धोखेबाज के यहां से मैंने दो बार नौकरी छोड़ी। उससे पीछा छुड़ाने के लिए इंदौर जाकर रहने लगी। लेकिन वह प्राइवेट वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर मुझे ब्लैकमेल करता रहा। करीब 6 साल तक उसने मुझे मानसिक और शारीरिक यातनाएं दीं। पुलिस से न्याय मांगा तो बदले में थप्पड़ मिला। एसपी के हस्तक्षेप के बाद 27 जून को पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पटवारी प्रेम सिंह भिलाला के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। सुठालिया तहसील के अमरगढ़ हल्के से हटाए जाने के बाद वह फरार है।

## खेत में काम कर रहे किसान पर तेंदुए ने किया हमला, बिना डरे किया सामना, हाथ पर घाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के सनावद ब्लॉक के ग्रामीण अंचल में तेंदुए के हमले का मामला सामने आया है। तेंदुए ने खेत में काम कर रहे एक ग्रामीण युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। हालांकि, इस दौरान युवक ने खुद को बचाने के लिए बिना डरे उसका सामना किया। इस दौरान तेंदुए ने युवक के हाथ पर तीन स्थानों पर अपने दांत गड़ा दिए। इसके बाद तेंदुए भाग गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने युवक को सनावद के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वन विभाग वन्य क्षेत्र में तेंदुए की तलाश कर रहा है। घटना के बाद तेंदुआ वापस जंगल की ओर भाग गया। हमले में घायल हुए ग्राम बांकावा के किसान संजय गुर्जर ने बताया कि वह अपने खेत पर फसलों में खाद देने का कार्य कर रहे थे। इसी बीच अचानक तेंदुए ने उनपर हमला कर दिया। मैंने बिना डरे तेंदुए का सामना किया, जिससे वह शरीर पर हमला नहीं कर पाया। हालांकि, उसके हमले में हाथ पर चोट आई है।

घायल को ग्रामीणों की मदद से सनावद के सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां अस्पताल प्रभारी डॉक्टर हंसा पाटीदार ने बताया कि घायल संजय का प्राथमिक उपचार कर अन्य इंजेक्शन लगाना है । इसलिए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## रामजी बाबा के समाधि दिवस पर उमड़े श्रद्धालु

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम क्षेत्र के प्रसिद्ध संत शिरोमणि रामजी बाबा के समाधि पर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जीवित समाधि स्थल पर सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। बाबा की बरसी पर नर्मदांचल, निमाड़ समेत प्रदेशभर से करीब 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु आए और आशिर्वाद लिया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। महंत वृंदावन दास महंत ने बताया रामजी बाबा की जीवित समाधि है। करीब 450 साल पहले आषाढ़ माह की बारस को जीवित समाधि ली थी। रामजी बाबा द्वारा जीवित योग समाधि लेने के चलते हर वर्ष यहां निशान चढ़ाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## संपादकीय

### हादसों पर बड़ा सवाल- भीड़ नियंत्रित करने पर जोर क्यों नहीं

यह समझ से परे है कि किसी कार्यक्रम के आयोजकों का जितना जोर भीड़ जुटाने पर होता है, उसका एक अंश भी उस भीड़ को व्यवस्थित करने पर क्यों नहीं होता। अक्सर धार्मिक उत्सवों, मेलों, सत्संग, यज्ञ आदि के आयोजन में व्यवस्थागत खामियों के चलते भगदड़ मचने, दम घुटने, पंडाल वगैरह के गिरने से लोगों के नाहक मारे जाने की घटनाएं हो जाती हैं। इसके अनेक उदाहरण हैं, मगर उनसे शायद सबक लेने की जरूरत नहीं समझी जाती और फिर नए हादसे हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुआ हादसा इसकी ताजा कड़ी है। बताया जा रहा है कि वहां महीने के पहले मंगलवार को तीन घंटे के सत्संग का आयोजन किया गया था। उसमें देश के अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालु आए हुए थे। करीब पचास हजार लोगों की भीड़ जुटी बताई जा रही है। सत्संग की समाप्ति के बाद अचानक भगदड़ मच गई और सौ से ऊपर लोग दब कर मर गए, दो सौ से अधिक के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि सत्संग समाप्ति के बाद जब मुख्य महात्मा का काफिला वहां से रवाना हुआ तो भीड़ को जबरन रोक दिया गया। भीषण गर्मी और उमस के कारण कई लोग बेहोश हो गए, जिसकी वजह से भगदड़ मची। हालांकि हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और उसके बाद ही असली वजह पता चल सकेगी। निस्संदेह इतने बड़े आयोजन में जुटने वाली भीड़ का अंदाजा आयोजकों को रहा होगा। इस भीषण गर्मी में हजारों लोगों के एक जगह इकट्ठा लोगों पर क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान भी उन्हें रहा होगा। मगर फिर भी लोगों के लिए छाया-हवा-पानी का माकूल इंतजाम क्यों नहीं किया गया। ऐसे आयोजनों में व्यवस्था की जिम्मेदारी आयोजक खुद उठाते हैं। वे अपने स्वयंसेवकों के जरिए आयोजन स्थल पर लोगों के प्रवेश और निकास का प्रबंध करते हैं। बताया जा रहा है कि इस सत्संग का आयोजन पिछले दस वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में किया जा रहा है। इसलिए इसके आयोजकों और स्वयंसेवकों में अनुभव की कमी भी नहीं मानी जा सकती। फिर कैसे उन्हें इस तरह के हादसे का अंदेशा नहीं था। अगर भीड़ मुख्य महात्मा के करीब पहुंचने या उनके काफिले के पीछे जाने को उतावली हो उठी, तो जाहिर है, ऐसा तभी हुआ होगा, जब दोनों के रास्ते अलग से तय नहीं किए गए थे। सवाल यह भी है कि बगैर व्यवस्था जांचे स्थानीय प्रशासन ने कैसे इस आयोजन की इजाजत दे दी। ऐसे हादसे न केवल धार्मिक आयोजनों में, बल्कि राजनीतिक रैलियों, विभिन्न मेलों, सांस्कृतिक उत्सवों आदि में भी हो चुके हैं। यह ठीक है कि निजी या सार्वजनिक प्रयासों से आयोजित होने वाले इतने विशाल कार्यक्रमों को संभालने के लिए स्थानीय स्तर पर पुलिस बल उपलब्ध कराना कठिन काम है, मगर इस तर्क पर प्रशासन की जवाबदेही समाप्त नहीं हो जाती। इस तरह का कोई भी आयोजन बिना प्रशासन की पूर्व अनुमति के नहीं हो सकता। फिर प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि आयोजन स्थल की व्यवस्था जांचे और आयोजकों की जवाबदेही तय करे। मगर जिन आयोजनों से लोगों की आस्था जुड़ी होती है, उनमें प्रशासन अक्सर ढीला ही देखा जाता है।

**अर्ज़ किया है..!**

*कभी तो उन को हमारा*
*ख़्याल आएगा*
*हम इस उमीद पे*
*तर्क-ए-वफ़ा नहीं करते*

*-शफ़क़त काज़मी*




## महिला जगत

# खेतों में काम कर महिला ने पूरी की पीएचडी, जानिए दिहाड़ी मजदूर साके भारती के संघर्ष की कहानी



**वह खेत में फावड़ा चलाती थी, गाय के गोबर से उपले बनाती थी, दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार संभालती थी और रात में जब पति और बच्चे थक कर सो जाते तो देखे हुए सपनों को साकार करने में लग जाती थी। उस महिला को सलाम, जिसने जीवन के संघर्षों के सामने हार नहीं मानी। महिला दिहाड़ी मजदूरी करती थी लेकिन उसने अपने नाम के आगे डॉ. लगाने का सपना देखा और इस सपने को पूरा कर दिखाया। आइए जानते हैं पीएचडी की डिग्री हासिल करने वाली दिहाड़ी मजदूर महिला के बारे में।**

### कौन हैं पीएचडी होल्डर दिहाड़ी मजदूर महिला

आंध्र प्रदेश की रहने वाली साके भारती नाम की महिला ने हाल ही में पीएचडी की डिग्री हासिल की है, जिसके साथ ही उनके नाम के आगे डॉ. लग गया है। साके भारती देशभर के लिए मिसाल बन गई हैं।

### साके भारती का जीवन परिचय

साके भारती आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में नागुलागुद्दम गांव की रहने वाली हैं। वह बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं। सरकारी संस्थान से 12वीं की पढ़ाई के बाद ही उनकी शादी हो गई। शादी के बाद बच्चे और परिवार की जिम्मेदारी उठा रहीं साके भारती अपने सपने नहीं भूलीं। शादी के बाद भी उनके घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। लेकिन उन्होंने हार न मानते हुए पढ़ाई जारी रखी।

### पति ने दिया साथ

उन्होंने अनंतपुर से एसएसबीएम डिग्री एंड पीजी कॉलेज से केमिस्ट्री में स्नातक और परास्नातक की डिग्री हासिल की। इस दौरान वह घर पर बच्चे को संभालने के साथ ही खेतों में मजदूरी करती थीं, ताकि पति संग घर की आर्थिक स्थिति को संभाल सकें। पति शिव प्रसाद ने भारती का साथ दिया और पीएचडी में दाखिला कराया। भारती ने केमिस्ट्री में बाइनरी लिक्विड मिक्सचर्स में पीएचडी की।

New Delhi

# रोड-ब्रिज तबाह, अस्पताल में भरा पानी... मॉनसून के रौद्र रूप से बिहार-हिमाचल-गुजरात तक हाहाकार



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत के कई राज्यों में मॉनसून का रौद्र रूप दिखाई देना शुरू हो गया है. भारी बारिश से कहीं सड़कें बह रही हैं तो कहीं एक के बाद ब्रिज ढह रहे हैं. जगह-जगह पानी भर रहा है और आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है. बिहार-हिमाचल प्रदेश से गुजरात तक तबाही का मंजर नजर आ रहा है.

गुजरात के जुनागढ़ में एक जुलाई को भारी बारिश हुई की वजह से मांगरोल, केशोद के 107 गांव अस्त-व्यस्त हुए. फिलहाल बारिश रुकी हुई है फिर भी यहां घुटनों तक पानी भरा हुआ है. दरअसल, ओझत्त नदी का पानी पूरे इलाके में फेल जाता है जिससे लगता है मानो समंदर ही यहां आ पहुंचा हो. सूरत के बलेश्वर गांव का हाल भी बेहाल है. यहां पिछले तीन-चार दिन से जलभराव के चलते गांव के आस-पास समंदर का टापू जैसा नजर आ रहा है.

गांव वालों का कहना है कि वैसे तो हर साल बरसाती पानी भरता है लेकिन पलसाना इलाके में औद्योगिक इकाइयों में खाड़ी के बीच दीवार खड़ी कर दी है जिसके चलते खाड़ी का बहाव कम हो गया है और खाड़ी में आने वाला पानी तेजी से बाहर निकल नहीं पा रहा है. गांव की इस हालत के लिए उद्योगपति जवाबदेह हैं. गांव के कुछ लोग तो घरों के चारों तरफ़ भरे पानी में रहने को मजबूर हैं. उन घरों में रहने वाले बुजुर्गों को सुरक्षित जगह शिफ़्ट किया गया है. घरों में रहने वाले युवा घरों में ही रह रहे हैं और जरूरत पड़ने पर पानी के भीतर से आवाजाही करते है.

वहीं, सूरत शहर से बारडोली की तरफ जाने वाले हाईवे पर दास्तान रेलवे क्रॉसिंग पर सरकार द्वारा एक ओवर ब्रिज पिछले 10 सालों में तैयार किया गया. 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ही उस ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया गया था. इस बात को अभी चंद महीने ही बीते हैं कि ओवरब्रिज की सड़क एक जगह पर धंस गई, सड़क पर दरारें पड़ गई हैं, जिससे साफ होता है कि ब्रिज को बनाने में कहीं ना कहीं ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार हुआ है.

सूरत के ही सनिया हेमद गांव में स्थित खोडियार माता का मंदिर भी पानी में डूब चुका है. गांव में चौबारे पर बैठने वाली जगह पर भी पानी भरा हुआ है. सनिया हेमद गांव में बरसाती पानी के चलते हर साल इस तरह की समस्या उत्पन्न होती है लेकिन प्रशासन कभी भी इस समस्या का निराकरण लाने के लिए कोई भी कम नहीं उठाता है. यही वजह है कि हर साल लोग इसी तरह बरसात के मौसम में जलभराव की दिक्कत का सामना करते हैं.

### राजस्थान में सड़कें जलमग्न

राजस्थान का हाल भी कुछ ऐसा ही है. जयपुर में पहली ही बारिश से सड़कें जलमग्न हो गई हैं. जलभराव के चलते कई वाहन फंसे हैं. वहीं, शहर की कई कच्ची बस्तियों में पानी भर गया है. यहां सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम ने अलर्ट पर है. वहीं, अलवर के बाला किला क्षेत्र में हाथी कुंड पर तेज झरना चल रहा है. पहली बार इस झरने में पानी आया है. लोग बड़ी संख्या में झरना देखने पहुंच रहे हैं. दूसरी ओर मुंबई अब भी राहत वाली बारिश के लिए तरस रही है.

### बिहार में ढहते जा रहे पुल

बिहार के सारण जिले में दो और पुल ढह गए हैं, दोनों एक दूसरे से बमुश्किल एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित थे. पहला पुल 2004 में तत्कालीन विधायक धूमल सिंह की अनुशंसा पर जनता बाजार थाना क्षेत्र के ढोढ नाथ मंदिर के पास गंडकी नदी पर बना था. पानी के तेज बहाव को वह झेल नहीं सका, जिससे एक खंभा नदी की धारा में बह गया. दूसरा पुल, गंडकी नदी पर ब्रिटिश शासन के दौरान बनाया गया था और 100 साल से अधिक पुराना है. मॉनसून की पहली भारी बारिश के बाद यह भी नदी के तेज प्रवाह के आगे झुक गया और नदी में डूब गया. इसके ढहने से पुल के दोनों ओर के गांवों का संपर्क पूरी तरह से कट गया है.

### अस्पताल में पानी-पानी

सीवान में पुल टूटने की तीसरी घटना महाराजगंज अनुमंडल के देवरिया गांव में हुई, जहां गंडक नदी पर बने पुल का एक पिलर टूट गया और पुल ध्वस्त हो गया. बताया जा रहा है कि यह पुल करीब 40 साल पुराना था. पुल टूटने की चौथी घटना महाराजगंज प्रखंड के तेवता पंचायत में हुई. स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पुल 5 साल पहले ही बना था. पुल टूटने की पांचवीं घटना भी महराजगंज के धमही गांव में हुई. कैमूर जिले के मोहनिया में भारी बारिश के कारण अनुमंडलीय अस्पताल मोहनिया में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे परिसर तालाब में तब्दील हो गया है. नालियों का गंदा पानी इमरजेंसी वार्ड और पर्ची काउंटर में घुस गया है, मरीजों को पानी के बीच रहना पड़ रहा है. परिजनों ने अधिकारियों से पानी निकासी की अपील की, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि बारिश रुकने के बाद पानी निकासी होगी.

### हिमाचल प्रदेश-पुल में दरारें, राष्ट्रीय राजमार्ग को खतरा

हिमाचल प्रदेश में भी बुरा हाल है. पिछले मॉनसून में भारी बारिश के कारण चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पूरी तरह से बह गई थी, जिससे नौ महीने तक राजमार्ग बंद रहा था. फिर इस पुल के निर्माण पर 40 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई. अब हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद पुल में दरारें आ गई हैं, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग को खतरा पैदा हो गया है.

Uttarpradesh

## आधी रात को भोले बाबा के आश्रम में घुसी पुलिस, लेकिन खाली हाथ लौटी... तो कहां गया हाथरस कांड का गुनहगार?

**मैनपुरी, (एजेंसी)** सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के आश्रम पर अचानक आधी रात में मैनपुरी पुलिस ने छापेमारी कर दी. इस दौरान एसपी सिटी, सीओ भोगांव के साथ पुलिस टीम आश्रम में पहुंची थी. पुलिस टीम आश्रम के अंदर करीब 1 घंटे से ज्यादा तक रही. अफसर जब बाहर निकले तो कहने लगे कि हम सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था देखने आए थे. बाबा अंदर नहीं है. अंदर 50 से 60 महिला पुरुष-श्रद्धालु हैं, जो इस आश्रम में अमूमन आते रहते हैं.

जब पुलिस से सवाल किया गया कि हाथरस कांड में नामजद आरोपी की तलाश के लिए पुलिस आई थी या बाबा से पूछताछ के लिए आई थी? इस बात को पुलिस ने सिरे से नकार दिया. देर रात मैनपुरी पुलिस के द्वारा की गई यह छापेमारी और एक घंटे से ज्यादा तक आश्रम में रुकना कई सवाल खड़े कर गया.

हाथरस में हुई घटना के बाद से ही बाबा के आश्रम पर चारों तरफ पुलिस की पहरेदारी है तो फिर आधी रात में पुलिस कौन सी सुरक्षा का जायजा लेने आई थी? क्या पुलिस को कोई विशेष इनपुट मिला था, जिसके लिए आधी रात में आश्रम की सुरक्षा व्यवस्था देखने पुलिस अफसर दल बल के साथ गए? पुलिस ने माना कि आश्रम में महिला श्रद्धालु भी थीं, लेकिन पुलिस की टीम में कोई महिला पुलिस कर्मी नहीं थी. हाथरस कांड में दर्ज करवाई गई पुलिस की तरफ से एफआईआर में लिखा गया कि बाबा के सुरक्षा गार्ड्स ने पब्लिक को धक्का मारना शुरू किया, जिसकी वजह से भगदड़ मची थी, तो क्या मंगलवार को बाबा की सुरक्षा में तैनात उन सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करने या उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी करने पहुंच गई थी. क्या हाथरस कांड में नामजद बाबा के भक्त आयोजनकर्ता की तलाश में छापेमारी हुई?

खेल

# भाई को पहनाया मेडल, जीजा को कराया दीदार, कुछ ऐसे फैमिली से मिले विराट कोहली



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ICC T20 World Cup 2024 का खिताब जीतने के बाद आखिरकार टीम इंडिया स्वदेश लौट आई है। बारबाडोस में टीम इंडिया ने 29 जून को साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था, लेकिन इसके बाद से बेरिल तूफान के चलते भारतीय टीम वहीं फंसी हुई थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्पेशल प्लेन से भारतीय क्रिकेट टीम समेत वहां फंसे भारतीय जर्नलिस्ट्स को भी स्वदेश वापस बुलाया। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ट्रॉफी को एक हाथ से उठाकर एयरपोर्ट पर पहुंचे और हजारों फैन्स को इसका दीदार कराया। भारतीय टीम दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची, तो उनका शानदार स्वागत हुआ। इसके बाद स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपने भाई-बहन से मिले। विराट ने अपने भाई विकास कोहली को विनिंग मेडल पहनाया जबकि जीजा को भी इसका दीदार करवाया।

विराट कोहली ने अपने भांजी-भतीजों को भी मेडल दिखाया। विराट की बहन भावना कोहली ढींगरा ने कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं। भारतीय टीम ने आखिरी आईसीसी ट्रॉफी 2013 में जीती थी, इसके बाद से मानो आईसीसी ट्रॉफी का आकाल ही पड़ गया था। टीम इंडिया कई मौकों पर सेमीफाइनल और फाइनल तक तो पहुंची, लेकिन लाइन क्रॉस नहीं कर पा रही थी। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने कैरेबियन धरती पर 11 साल का ट्रॉफी का सूखा खत्म किया।

सिनेमा

## 'कल्कि 2898 AD' के तूफान के बीच रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही विजय सेतुपति की 'महाराजा', लगाई संचुरी




मूवी लवर्स पर इन दिनों प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 AD' का खुमार चढ़ा हुआ है. ईस्ट वेस्ट से लेकर नॉर्थ साउथ तक कल्कि का क्रेज देखने को मिल रहा है. फिल्म ने हिंदी में 141.7 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर डाली है. वहीं ग्लोबली 600 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. लेकिन अगर आप ऐसा मान बैठे हैं कि प्रभास की फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचा रही है तो ऐसा नहीं है. साउथ स्टार विजय सेतुपति की मूवी 'महाराजा' भी बॉक्स ऑफिस पर रूल कर रही है. 2024 की टॉप फिल्मों में इसका नाम शामिल हो गया है. 'कल्कि' की आंधी के बीच विजय की फिल्म ने तीसरे वीकेंड में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. तमिल सिनेमा को इस फिल्म ने बड़ी उम्मीद दी है, क्योंकि आधा साल बीतने को है लेकिन कॉलीवुड को कोई बड़ी हिट नहीं मिली थी. 'महाराजा' के बाद 'अरनमनई 4' तमिल बॉक्स ऑफिस पर 99.53 करोड़ के कलेक्शन के साथ साल की दूसरी बड़ी हिट है.

घरेलू मार्केट में फिल्म ने 76 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है. कल्कि की रिलीज के बाद महाराजा की कमाई पर असर तो पड़ा है. लेकिन तगड़ा कॉम्पिटिशन मिलने के बावजूद सेतुपति की फिल्म मजबूती के साथ बनी हुई है.

## Highlights

1. **IR reports 10.07% rise in freight handling in June at 135.46 MT**
2. **Rajnath lied on compensation to kin of Agniveer who lost his life: Rahul**
3. **Bhole Baba's lawyer denies 'charan raj' claims, says 'he never lets people touch feet'**
4. **PM Modi pays tribute to Swami Vivekananda on his punya tithi**
5. **33,000 Indians killed per year due to air pollution in 10 cities, Delhi tops list: Study**

# India plans ₹44,000-crore boost to become electronics powerhouse: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY) has set up a task force that is aimed at bolstering India's capabilities in electronic and semiconductor products, a report claimed. The task force is likely to recommend an allocation of ₹44,000 crore from 2024 to 2030, Business Standard reported. The aim is to support domestic companies in developing products and establishing global brands.



As per the report, the taskforce is led by Ajay K Sood- principal scientific advisor to the government. It proposes substantial incentives: ₹15,000 crore for electronic products (systems), ₹11,000 crore for semiconductor products, and ₹18,000 crore for initiatives such as talent development, infrastructure, logistics, and technology acquisition, as per the report.

The task force was established in January and includes prominent industry figures like Ajai Chowdhry, founder of HCL and chairman of EPIC Foundation, and Sunil Vachani, MD of Dixon Technologies, as per the report.

It also aims to simplify business operations for global firms designing products in India and will likely propose strategies to manage and leverage standard essential patents (SEPs) to safeguard domestic companies as well. The report said that the taskforce will also identify 30 essential electronic products and 40 types of chips crucial for India's needs in order to result in a potential growth of the electronics market to $3 trillion by 2047, with exports targeting $1 trillion.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# Rupee falls 5 paise to 83.54 against US dollar in early trade

**NEW DEIHI, (Agency).** The rupee depreciated 5 paise to 83.54 against the US dollar in early trade on Thursday, weighed down by elevated crude oil prices.

Forex traders said a positive trend in domestic equities, wherein benchmark indices touched all-time high levels and significant



foreign fund inflows supported the rupee and restricted the fall.

At the interbank foreign exchange market, the rupee opened at 83.52 and lost further ground to trade at 83.54 against the greenback in initial deals, registering a fall of 5 paise from its previous closing level. On Wednesday, the rupee settled 1 paisa lower at 83.49 against the US dollar.

"Though the equity markets are shining bright, the Indian rupee has been trading flat to weaker, despite a drop in the dollar towards 105.04 and US 10-year yields touching 4.35 per cent, post the US service PMI data and ADP non-farm employment change data were weaker than expected," CR Forex Advisors MD Amit Pabari said.According to Pabari, crude oil prices have risen nearing USD 87 per barrel and this acted as a counterweight, limiting the rupee's gains.

# पुलिस को नहीं छोड़ रहे साइबर अपराधी

## एसीपी को कॉल कर डिजिटल अरेस्ट की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। साइबर अपराधी पुलिस को भी नहीं छोड़ रहे हैं। मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई कर रहे सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) को साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश की।**

साइबर अपराधियों ने सीबीआई अफसर बनकर एसीपी को कॉल लगाया और गिरफ्तार करने की धमकी दे डाली। आरोपित ने पोलैंड के कोड नंबर से कॉल किया था। इंटेलिजेंस में पदस्थ एसीपी शिवेंद्र जोशी मंगलवार को जनसुनवाई में बैठे थे। उनके पास अन्नपूर्णा एसीपी का अतिरिक्त प्रभार भी है।

सुनवाई के बीच में एसीपी के पास वॉट्सएप कॉल आया। पुलिस अफसर की डीपी देखकर एसीपी ने तुरंत काल रिसीव कर लिया। आरोपित ने खुद को सीबीआई अफसर बताया और कहा कि हमने तुम्हारे परिचित चार लोगों को पकड़ा है। फोन 48732078186 नंबर से आया था। उस पर आइपीएस विजय कुमार की डीपी लगी हुई थी।

### ड्रग्स-फर्जी पासपोर्ट और मानव तस्करी की धमकी

आरोपी कॉल कर पार्सल में ड्रग्स, फर्जी पासपोर्ट और बैंक खातों का मानव तस्करी में इस्तेमाल होने की धमकी देते है। पुलिस, सीबीआइ, बैंक और नारकोटिक्स अधिकारी बनकर उन्हें वीडियो कॉल से निगरानी में रख लेते हैं, बाद में सत्यापन के बहाने से खातों में जमा राशि को ठग अपने खातों में जमा करवा लेते हैं।

**एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया**

### आरोपित ने अभद्रता भी की

पोलैंड का कोड नंबर देख एसीपी समझ गए कि यह साइबर अपराधियों की चाल है। परिचय देने पर आरोपी अभद्रता करते हुए गिरफ्तार करने की धमकी देने लगा। एसीपी के फटकार लगाने और साइबर सेल से जांच करवाने की बात बोलते ही फोन काट दिया। आरोपित रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

### वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क से काल कर रहे अपराधी

साइबर अपराधी जांच एजेंसियों को चकमा देने के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल करते हैं। वीपीएन कालिंग को ट्रेस करना आसान नहीं है। आरोपित वीपीएन की सहायता से मनचाहे देश के कोड और नंबर डिस्प्ले करवाते हैं। इंटरनेट कॉलिंग होने से लोकेशन और सीडीआर निकालना भी संभव नहीं हो पाता है। डिजिटल अरेस्ट में झारखंड, पश्चिम बंगाल, हरियाणा के गैंग की जानकारी मिली है।

# पहली मंजिल से गिरे बुजुर्ग की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर एक बुजुर्ग घर की पहली मंजिल पर ही टहल रहे थे वहीं से गिर गए और उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग की मौत का पहला मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र के मुसाखेड़ी का है। मृतक 78 वर्षीय गोकुल है । रिश्तेदार अभिषेक के अनुसार गोकुल घर की पहली मंजिल पर टहल रहे थे, वहीं से असंतुलित होकर नीचे आ गिरे। उन्हें अस्पताल लेकर गए लेकिन जान नहीं बची।

**यहां भी वृद्ध की गई जान-** इधर बुजुर्ग की मौत का दूसरा मामला जूनी इंदौर थाना इलाके में सामने आया है । पुलिस के अनुसार मृतक का नाम कन्हैयालाल पिता सीताराम उम्र 63 साल निवासी एमवाय एच के सामने फुटपाथ है। कल वह जूनी इंदौर ब्रिज से नीचे गिर गए। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । बताया जा रहा है कन्हैयालाल का परिवार जबलपुर का रहने वाला है, फिलहाल परिवार से संपर्क करने की कोशिश पुलिस कर रही है दोनों ही मामलों में मर्ग कायम किए गए हैं।

## भतीजे पर किया हमला

**इंदौर**। एक युवक पर उसके चाचा और उनके बेटे ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों ने पहले फरियादी की पत्नी पर भी गलत आरोप लगाए थे। भंवरकुआ पुलिस ने प्रकाश की शिकायत पर उसके चाचा करण राठौर और उनके बेटे अभय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दोनों पक्ष एकता नगर में रहते हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह घर आया तो उसकी पत्नी ने उसे कहा कि काका उस पर गलत आरोप लगा रहे हैं। प्रकाश ने इसे लेकर अपने काका करण से बात की तो करण विवाद करने लग गए। उन्होंने भतीजे प्रकाश पर हमला कर दिया। इसी दौरान करण का बेटा अभय वहां आ गया तो दोनों पिता-पुत्र ने मिलकर प्रकाश के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं अभय ने चाकू उठाया और प्रकाश को मार दिया।

# कॉलसेंटर कर्मी ने ससुराल में खाया सल्फास

## सुसाइड नोट में पत्नी, सास-ससुर, साले का नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महिला थाने में पत्नी द्वारा केस दर्ज कराने के बाद पति ने अपने ससुराल में जाकर सल्फास खा लिया था। जहर खाने के बाद का एक वीडियो भी सामने आया था और जेब से सुसाइड नोट भी मिला था। नोट में मृतक ने पत्नी,साले और ससुर पर आरोप लगाए थे।

युवक के माता-पिता का कहना है कि उनके बेटे को बहू ने फंसाया। उसे आत्महत्या के लिए प्रेरित किया। सुसाइड नोट होने के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। पंढ़रीनाथ इलाके की काटजू कॉलोनी में यश पुत्र मोतीलाल वाधवानी ने अपने ससुराल में जाकर पिछले सोमवार को जहर खा लिया था। उसे ससुराल के लोगों ने अस्पताल भेजा। लेकिन उसकी मौत हो गई। यश के पास से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें पत्नी पायल मोटवानी, उसकी मां रीटा, भाई और पिता पर आरोप लगाए। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

**महिला थाने में की मारपीट, प्रताड़ित किया-** यश के परिवार के लोगों ने बताया कि 23 जून को महिला थाने में उसे प्रताड़ित किया गया। महिला पुलिसकर्मी और यश के परिवार से आए दो तीन लोगों ने उसे धमकाया। इसके बाद बाहर निकलकर यश ने आवेदन लिखकर देने की कोशिश की तो महिला पुलिस ने इनकार कर दिया। सोमवार को यश जहर खाकर अपने ससुराल गया और यहां जान दे दी। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

**पत्नी ने दर्ज कराया था केस-** एक सप्ताह पहले ही पायल ने यश पर महिला थाने में 25 लाख रुपए दहेज मांगने का मामला दर्ज कराया था। यश एक कॉल सेंटर में काम करता है। जबकि उसके पिता घर के पास ही ऑटो पार्टस की दुकान संचालित करते हैं। यश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। परिवार का आरोप है कि वह मंगलवार को जनसुनवाई में भी गए थे, लेकिन अफसरों ने उनकी बात नहीं सुनी। इसके बाद कमिशनर राकेश गुप्ता के यहां आवेदन दिया।

## जुआरियों की धरपकड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। खजराना थाना क्षेत्र के राजरतन कालोनी से जुआ खेलते हुए जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा। प्रधान आरक्षक लोकेन्द्रसिंह ने ताश-पत्ते और नगदी के साथ जाहिद निवासी अशरफ नगर, मोह. इरफान खान निवासी ममता कालोनी, शेख नदीम निवासी सुपर पैलेस, प्रभु निवासी कनडिया और इस्माइल निवासी हीना कालोनी को पकड़ा।

## फंदे पर लटका मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हुकुमचंद मिल में बुधवार शाम एक शव फंदे पर लटका मिला है। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की है। परदेशीपुरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक युवक का शव हुकुमचंद मिल के बगीचे में फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है उसके कपड़ों में किसी तरह के कागज भी नहीं मिले हैं। इस वजह से उसकी पहचान मुश्किल हो रही है। पुलिस मामले में हत्या को लेकर भी आशंका को लेकर भी जांच कर रही है।

# युवक-युवतियों ने दुकानदार को बुरी तरह पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कुछ युवाओं ने एक चाय नाश्ते की दुकान लगाने वाले की दुकानदार की बुधवार अलसुबह पिटाई कर दी। बताया जाता है कि उसने गाड़ी खड़ी करने के लिए मना किया था। इससे नाराज युवकों और उनके साथ आई युवतियों ने दुकानदार को पीट दिया। पूरे घटनाक्रम का वीडियो गुरुवार को वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है।**

विजयनगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुकेश पुत्र आशाराम राठौर निवासी राजीव आवास विहार ने बताया कि उसकी चाय नाश्ते की दुकान है। बुधवार को सुबह 5 बजे करीब फॉच्र्यूनर कार से चार युवक-युवती उसकी दुकान के सामने पहुंचे। उन्होंने दुकान के आगे गाड़ी खड़ी कर दी। मुकेश ने दुकान के सामने से गाड़ी हटाने को कहा तो इस बात पर आरोपियों ने गुस्सा किया और गालियां देने लगे। फिर आरोपियों ने उसके साथ जमकर सडक़ पर मारपीट की। इस दौरान आसपास के लोग आ गए। उन्होंने बचाया आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।




## गोवंश से संबंधित अपराधों में लिप्त 53 बदमाशों का बाउंड ओवर

**इंदौर।** गोवंश संबंधित अपराधियों पर कार्रवाई करने के आईजी के निर्देश पर ग्रामीण एसपी हितिका वासल व्दारा सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारीयों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके पालनार्थ जिले के समस्त थानो पर 49 आरोपियों को धारा 107, 116(3) जाफौ के तहत बाउंड ओवर किया गया। वहीं 4 आरोपीयों के विरुध्द धारा 110 जाफौ के तहत कार्रवाई की गई और एक आरोपी को जिलाबदर भी किया गया। बुधवार को थाना सिमरोल में डीएसपी मु यालय उमाकान्त चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिमरोल व तहसीलदार सिमरोल की उपस्थिति में गौवंश संबंधित अपराधो में पूर्व में गिरफ्तार हुए आरोपियों की मीटिंग ली गई एवं सभी को सख्त हिदायत देते हुए 15 आरोपियों पर बाउंड ओवर की कार्यवाही की गई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक